# न्यायालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, उदयपुर (राज.)

**पीठासीन अधिकारी – नमित मेहता (आई.ए.एस.)**

**प्रकरण संख्याः 174/2025 (सरफैसी)**

**दी उदयपुर महिला समृद्धि अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालयः मालदास स्ट्रीट उदयपुर राजस्थान ............प्रार्थी**

**बनाम**

1. **श्रीमती शशिकला पोरवाल पत्नी स्व. श्री प्रकाश चन्द्र पोरवाल, स्व. श्री प्रकाश चन्द्र पोरवाल पुत्र श्री सरदार मल पोरवाल, दीपेश पोरवाल पुत्र स्व. श्री प्रकाश चन्द्र पोरवाल पता– 21, चपलोतो का चौक, पोरवाल भवन, मालदास स्ट्रीट उदयपुर 313001**
2. **श्रीमती शशिकला पोरवाल पत्नी श्री प्रकाश चन्द्र पोरवाल पता– 21, चपलोतो का चौक, पोरवाल भवन, मालदास स्ट्रीट उदयपुर 313001**
3. **श्री रतन लाल कोठारी पुत्र श्री लक्ष्मीलाल कोठारी पता –26, एकलिंग कोलानी, अणुव्रत नगर सेक्टर 04, वार्ड न. 11, उदयपुर राजस्थान 313001**
4. **श्री अशोक सचदेव पुत्र श्री भक्तुमल जी पता– 52–बी, शक्तिनगर, गली न. 9, सनातन मन्दिर के पास उदयपुर 313001**
5. **श्री गोपाल नागदा पुत्र श्री पूर्णाशंकर नागदा पता– 42, परिवहन कॉम्प्लेक्स, पानेरियो की मादडी, उदयपुर 313001 व धूंधी बरवाडा, इसवाल के पास तह. गोगुन्दा उदयपुर**
6. **श्रीमती मन्जु कोठारी पत्नी श्री रतनलाल कोठारी पता– 26, टैगोर नगर, ऋषभ सोसाईटी, सेक्टर–4, हिरणमगरी, उदयपुर ............ऋणी/अप्रार्थीगण**

**प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा–14 सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट, 2002**

# आदेश

दिनांकः– 11/03/2026

प्राधिकृत अधिकारी, **दी उदयपुर महिला समृद्धि अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड** द्वारा वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम–2002 SARFAESI Act 2002 की धारा–14 के तहत यह प्रार्थना–पत्र जरिये **प्रतिनिधि/अधिवक्ता श्री चेतन मेनारिया** ने **श्रीमती शशिकला पोरवाल** के विरूद्ध प्रस्तुत कर, उक्त अधिनियम के अन्तर्गत ऋण के समय रखी गयी गिरवी सम्पत्ति का कब्जा लेने हेतु इस न्यायालय से अनुरोध किया है।

कम्पनी के उपस्थित अधिवक्ता/प्रतिनिधि ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए यह बताया कि अप्रार्थी/ऋणी को बैक/कम्पनी द्वारा **कुल 38,65,000/– (अक्षरे अडतीस लाख पैसठ हजार रूपये) का ऋण** स्वीकृत किया गया। इस ऋण की एवज में निम्न जायदाद/सम्पत्ति बैंक के पास गिरवी रखी गयी है जिसका विवरण निम्नानुसार है –

**बंधक सम्पत्तिः– श्रीमती शशिकला पोरवाल पत्नी स्व. श्री प्रकाश चन्द्र पोरवाल (सम्पति मालिक) 21, पोरवाल भवन, मालदास स्ट्रीट, चपलोतो का चौक, मालदास स्ट्रीट उदयपुर 313001 में स्थित है, जिसका कुलिया क्षैत्रफल 680 वर्ग फीट (ग्राउण्ड फ्लोर) है। उक्त सम्पत्ति की चारो सीमाऐ निम्नानुसार हैं–**

| | |
|---|---|
| **पूर्व में** नगर पालिका का चौक | **पश्चिम में** देवीलाल चौधरी का घर |
| **उत्तर में रामसिह चपलोत का घर** | **दक्षिण में** गली |

चूंकि ऋणी/अप्रार्थी **श्रीमती शशिकला पोरवाल** के द्वारा बैंक/कम्पनी से प्राप्त किये गये ऋण के पेटे प्रार्थी के पक्ष में ऋणी एवं जमानतियों द्वारा गारंटी, करार एवं दस्तावेजो पर अपने हस्ताक्षर कर इसे निष्पादित कर दिये गये थे, परन्तु उक्त ऋणी द्वारा बैंक से प्राप्त की गयी ऋण राशि का भुगतान नहीं किये जाने से ऋणी के ऋण खाते को **दिनांक 30.04.2021 को एन.पी.ए.** (Non Performing Asset) घोषित किया गया।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट उदयपुर (राज.)

जिला कलक्टर
उदयपुर

